卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 8 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦मंगलवार ♦14 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

शिवा ज्वैलर्स एवं डायमंड
हमारे आभूषण आपका निखार,हॉलमार्क आभूषण और प्रमाणित हीरे
हॉलमार्क सोने के जेवर पक्के बिल के साथ पायें हमारे यहां 92.5 चांदी के जेवर उपलब्ध है।

| Carat | 22KT | 20KT | 18KT | 14KT |
|---|---|---|---|---|
| Purity | 91.60% | 83.33% | 75% | 58.5% |

Certified by IGI | BIS Certified | EMERALD | KISNA
मेकिंग चार्ज पर भारी छूट
पता - सर्राफा बाजार,शिशु मन्दिर रोड,गदरपुर(उधमसिंहनगर)
क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीवाली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

राजेन्द्र वर्मा मो.-9837371019

नितेश वर्मा मो.-7500537754

रितुल वर्मा मो.-7017520256

## दिवाली से पहले हल्द्वानी को मिली सौगात

### मुख्यमंत्री धामी ने किया हल्द्वानी सिटी बस सेवा का शुभारंभ

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। हल्द्वानी शहर के आम नागरिकों के लिए मंगलवार का दिन नई राहत लेकर आया, जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस परिसर से हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सिटी बस सेवा का शुभारंभ शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सेवा से नागरिकों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से शहर के यातायात



दबाव में कमी आएगी, प्रदूषण घटेगा और ऊर्जा संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड के प्रत्येक नगर में आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है, ताकि आम जन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि सिटी बस सेवा को चरणबद्ध तरीके से शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रारंभ किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों तथा नौकरीपेशा लोगों को अधिक सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत (कालाढूंगी),राम सिंह केड़ा (भीमताल),(शेष पृष्ठ सात पर)

## जमीन घोटाले में जिला पंचायत अध्यक्ष समेत सात पर केस दर्ज

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल के पुत्र हरेंद्र कुंजवाल समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह प्रकरण नैनीताल जिले के गौलापार क्षेत्र अंतर्गत देवला तल्ला पजाया गांव में स्थित एक विवादित सरकारी भूमि से जुड़ा है। आरोप है कि इन प्रभावशाली व्यक्तियों ने मिलकर सरकारी जमीन की गैरकानूनी तरीके से खरीद-फरोख्त की और उसे निजी संपत्ति की तरह रजिस्ट्री करा ली। इस पूरे मामले की शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता रविशंकर जोशी ने अगस्त 2025 में कुमाऊं की आईजी रिद्धिम अग्रवाल से की थी। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जांच को तत्काल कमिश्नर की अध्यक्षता वाली लैंड फ्रॉड समिति को सौंपा गया। समिति की रिपोर्ट में सभी आरोपियों की भूमिका की पुष्टि हुई, जिसके बाद आईजी के निर्देश पर काठगोदाम थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी प्रकाश आर्य ने पुष्टि की है कि सातों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व आपराधिक साजिश रचने की धाराओं में मामला दर्ज किया (शेष पृष्ठ सात पर)

क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक शुभकामनायें
मंगलम ज्वैलर्स
मो. 9837056528, 8958390000
गोल्ड की मेकिंग पर 20% की भारी छूट
डायमंड की मेकिंग पर 30% की भारी छूट
प्रो0-महेन्द्र पाल गगनेजा,नितिश गगनेजा (रिप्पी)
हमारे यहां सभी प्रकार की हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध है।
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
D1- D2, 42 सिद्धबली टावर, सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर)


## हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। बीते शनिवार को रम्पुरा वार्ड 23 से लकड़ियां बीनने हल्द्वानी मार्ग पर बेलबाबा मंदिर के पास गई महिला कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसने उपचार के दौरान सोमवार की सायं निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड 23 निवासी करीब 50 वर्षीय महिला भानवती पत्नी स्व. नौबत राम 11 अक्टूबर को लकड़ियां बीनने लिए हल्द्वानी मार्ग पर बेलबाबा मंदिर के पास जंगल में गई थी। बताया जाता है कि जब वह मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे खड़ी हुई थी इसी दौरान तेज गति से आती कार चालक ने उसे जारे से टक्कर मार दी। जिससे भानवती



## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सोमवार की रात्रि गदरपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अमरपुर निवासी 32 वर्षीय सुखविन्दर सिंह पुत्र चरन सिंह सोमवार की सायं किसी कार्य के लिए बाईक पर सवार होकर प्रेम आश्रम गया था। देर सायं जब वह घर वापस लौट रहा था तो करीब साढ़े आठ बजे उसके भाई जरनेल सिंह ने उसे फोन किया तो उसने बताया कि वह घर वापस आ रहा है रास्ते में ही है। बताया जाता है कि जब वह काफी देर तक घर नहीं आया तो भाई जरनेल ने उसे फिर फोन किया।



परंतु फोन रिसीव नहीं हुआ। जिसके बाद जरनेल सुखविन्दर की तलाश करने घर से रवाना हुआ। घर से कुछ दूरी पर मुख्य मार्ग में उसने भाई सुखविन्दर को गंभीर हालत में घायल अवस्था में पड़ा देखा। जिस पर उसने परिजनों को मौके पर बुलवाकर सुखविन्दर को उपचार के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुखविन्दर को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सुखविन्दर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार सुखविन्दर की मौत हुई है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## तमंचा और कारतूस सहित संदिग्ध दबोचा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। शहर में देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर ही दबोच लिया गया। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र रिंगवाल, पीआरडी जवान मंतर सिंह तथा चालक ताजवीर शाही संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। टीम जब इन्द्रा चौक से आगे रमपुरा चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी, उसी दौरान एक सफेद एल्टो कार संख्या यूपी 14एएस1376 तेज रफ्तार में रॉग साइड से आती दिखाई दी। पुलिस टीम को सामने देखकर कार चालक अचानक घबरा गया और कार मोड़ने की कोशिश में गाड़ी बंद हो गई। इसके बाद चालक कार से उतरकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबोचा। भागते समय युवक हाईवे चौड़ीकरण के लिए खुदी मिट्टी में गिर गया, जिससे उसके हाथ में हल्की चोट भी आई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक गुप्ता पुत्र पूरन लाल गुप्ता, निवासी ग्राम परेवाबेस, थाना जहानाबाद, तहसील अमरिया, जनपद पीलीभीत (उप्र) के रूप में हुई। वह वर्तमान में शनि मंदिर के पास, ग्रेटर कैलाश कॉलोनी, (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक और उसके साथी पर जानलेवा हमला

रुद्रपुर। बिंदुखेड़ा मोड़ के पास कुछ हमलावरों ने दिनदहाड़े एक युवक और उसके साथी पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर लाठी-डंडों, तमंचों और धारदार हथियारों से लैस थे। पुलिस ने चार हमलावरों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगतपुरा वार्ड नंबर 7 निवासी बसंत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 9 अक्टूबर की दोपहर करीब तीन बजे वह अपने दोस्त राहुल के साथ रुद्रपुर से बिंदुखेड़ा की ओर जा रहा था। जब दोनों सामिया लेक सिटी से आगे बिंदुखेड़ा मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, तभी सफेद बोलेरो और एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार 6-7 युवकों ने उन्हें रोक लिया। बताया गया कि ये सभी पहले से घात लगाए बैठे थे। उन्होंने बसंत सिंह और राहुल को रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। हमलावरों ने दोनों की लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान दोनों के मोबाइल फोन तोड़कर झाड़ियों में फेंक दिए। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उसने हमलावरों में से बंटी कोहली निवासी रामपुरा, अमित गंगवार निवासी पद्मा कॉलोनी तेल मिल, बृजेश यादव निवासी बगवाड़ा और संजीत साहनी निवासी भूरारानी को पहचान लिया। हमले के दौरान आरोपी कह रहे थे कि इन्होंने हमारे भाई को जेल(शेष पृष्ठ सात पर)

# महिला स्वावलंबन सरकार की प्राथमिकता: यादव

## केंद्रीय वित्त अपर सचिव डा. सज्जन सिंह यादव ने आकांक्षी विकासखंड गदरपुर का दौरा कर हस्तनिर्मित उत्पादों, जैविक खेती, महिला उद्यमिता और पोषण अभियान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण को गति देने के उद्देश्य से भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. सज्जन सिंह यादव ने सोमवार को आकांक्षी विकास खंड गदरपुर के ग्राम रामबाग और आसपास के क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा की और स्थानीय जनता से संवाद स्थापित किया। सचिव डॉ. यादव ने सबसे पहले "नारी शक्ति रजाई ग्रोथ सेंटर, रामबाग" का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की जानकारी ली और उनके आत्मनिर्भर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिला स्वावलंबन सरकार की प्राथमिकता है, और ऐसे ग्रोथ सेंटर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। अपर सचिव ने स्वंय सहायता समूहों व विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने हस्तनिर्मित उत्पादों, जैविक खेती, महिला उद्यमिता और पोषण अभियान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. यादव ने आंगनबाड़ी केंद्र, रामबाग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, पोषण, शिक्षण सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने छोटे बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराकर आत्मीयता का परिचय दिया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं भोजन की गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक विद्यालय, रामबाग का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन भी किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शिक्षण गुणवत्ता और विद्यार्थियों की उपस्थिति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था लगातार सुदृढ़ हो रही है। भ्रमण दौरान डॉ. यादव ने स्थानीय किसान प्रकाश चंद मल्लिक की ड्रैगन फ्रूट की खेती का भी निरीक्षण किया। किसान ने बताया कि उन्हें सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ मिला है और उद्यान विभाग समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करता है। डॉ. यादव ने इस अभिनव खेती को कृषि विविधीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और किसान के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मॉडल ग्रामीण युवाओं को कृषि उद्यमिता की ओर प्रेरित करेंगे। इसके उपरांत उन्होंने आदर्श नगर स्थित "आरोग्य मंदिर" का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएचओ मोनिका नेगी ने उन्हें प्राथमिक उपचार, दवाओं की उपलब्धता, और ग्रामीण जनता को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। डॉ. यादव ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य में "हर गांव तक स्वास्थ्य सुविधा" अभियान प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। अपर सचिव डॉ. सज्जन सिंह यादव ने पूरे निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और सभी विभागों के बीच समन्वय से कार्य हो। भ्रमण के उपरांत अपर सचिव श्री यादव ने जिला सभागार में आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि नीति आयोग के सामाजिक व आर्थिक संकेतांको पर कार्य करते हुए आइसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं को शतप्रतिशत पोषण आहार वितरित, चिहिन्त सभी किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, माध्यमिक स्तर के सभी विद्यालयों में विद्युत संयोजन, शैक्षणिक सत्र में शतप्रतिशत बच्चों को पाठ्य पुस्तके वितरण व गर्भवती महिलाओं का चिन्हिकरण कर टीकाकरण, पोषण कीट वितरण में 99.36 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गयी। उन्होने बताया कि जनपद में हर घर नल, हर घर जल योजना के अन्तर्गत पानी की शुद्धता जांच कर सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत 01 लाख 93 हजार घरो में पेयजल संयोजन दिये गये है व सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं विद्यालयों में पेयजल संयोजन कराये गये है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पंजीकृत सभी लाभार्थियो आवास आवंटित कर पूर्ण कर लिए गये है साथ ही उन्हे 05 हजार की धनराशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होने बताया कि जनपद में आयुषमान कार्ड धारकों को स्वस्थ्य सुविधाए उपलब्ध करायी जा रही है। जनपद में महिला सशक्तिकरण व आत्म निर्भर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है। गर्भीवती महिलाओं व बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण किया जा रहा है व गर्भवती महिलाओ का संस्थगत व सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं ट्रेकिंग की जा रही तथा गर्भवती महिलाओं हेतु चिकित्सालयों में अलग से सुविधायुक्त वेटिंग रूम बनाये गये है। जिसमे गर्भवती व धात्री महिलाएं आराम कर सकें व बच्चे को दुग्धपान करा सकें। उन्होने बताया कि बच्चे के जन्म के उपरांत राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी कीट वितरित किये जा रहे है। उन्होने पीएम स्वनिधि, पीएम मातृ वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी योजना, सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण योजना में किये जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारियां दी। जिलाधिकारी ने बताया कि रूद्रपुर पहाड़गंज में लीगेसी वेस्ट का शतप्रतिशत निस्तारण कर वहां पर पार्क विकशित किया गया है। उन्होने बताया कि जनपद में 20 नगर निकाय है, जिसमे घर-घर कूड़ा उठान एवं सेग्रिगेशन किया जाता है व कलस्टर बनाकर कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होने बताया कि रूद्रपुर में कुमांऊ प्रथम वेडिंग जोन बनाया गया है जिसमे रेड़ी, ठेली वालों के साथ ही स्वयं सहायता समूहों को दुकाने आवंटित की गयी है। उन्होने बताया कि जनपद में गिरते हुए भू-जल को देखते हुए ग्रीष्मकालिन धान को प्रतिबंधित किया गया है। जिसके स्थान पर गन्ना व दलहन उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जन समस्याओं का निस्तरण सरकार की प्राथमिकता है। इस हेतु सीएम हेल्पलाईन, सीएम जन समर्पण पोर्टल के माध्यम से जन समस्याओं को निस्तारण किया जाता है साथ ही जन समस्याओं के निस्तारण हेतु सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत गॉवो में जाकर चौपाल का आयोजन किया जाता है व जनता दरवार, तहसील दिवस, बीडीसी बैठकों का आयोजन भी किया जाता है। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील ने पीपीटी के माध्यम से आकांक्षी जनपद व विकास खण्ड की जानकारियां दी। इस अवसर पर पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल, ओसी गौरव पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आशुतोष जोशी, महाप्रन्धक उद्योग विपिन कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला सेवा योजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर आतिया परवीन, सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।







# दिवाली मेले के लिए लाटरी से हुआ व्यापारियों को दुकानों का आवंटन

रूद्रपुर। गांधी पार्क में आयोजित हो रहे भव्य स्वदेशी दिवाली मेले का शुभारम्भ आज शाम किया जायेगा। मेले के लिए गांधी पार्क में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मेला 14 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक चलेगा। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि आज शाम मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा और नगर आायुक्त नरेश दुर्गापाल की मौजूदगी में किया जायेगा। पहली बार शहर में छोटे व्यापारियों का भव्य मेला आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए गांधी पार्क में लगभग 300 दुकानें लगाई गई हैं। बीती शाम मेले में व्यापारियों को लाटरी



के माध्यम से दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर बार ठेली व्यापारी बाजार में सड़क पर कारोबार करते थे जिससे व्यापारियों को खुद तो असुविधा होती ही थी साथ ही बाजार में खरीददारी करने के लिए आने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस बार छोटे कारोबारियों के हित में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाते हुए उनके लिए गांधी पार्क में भव्य मेले की व्यवस्था की है। जिसमें स्थानीय व्यापारियों को प्राथमिकता से और पारदर्शिता से दुकानें आवंटित की गयी हैं। मेले के दौरान लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इस दिवाली मेले से जहां छोटे कारोबारियों को रोजगार मिलेगा वहीं त्यौहारों पर बाजार में लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। मेले के सात दिन तक बाजार में वाहनों का आवागमन ओर ठेली पर प्रतिबंध रहेगा। बाजार में कोई ठेली नजर नहीं आएगी। त्यौहारों को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था भी गांधी पार्क में गयी है। महापौर ने सभी क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे गांधी पार्क आएं और इस भव्य दिवाली मेले का स्वदेशी उत्पाद खरीदें।




# होली चाइल्ड स्कूल ने चैंम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रामपुर जिला एथलेटिक चौम्पियनशिप का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल, डिबडिबा में किया गया जिसमें होली चाइल्ड स्कूल ने 13 स्वर्ण, 7 रजत और 12 कांस्य पदक






के साथ कुल 32 पदक अर्जित कर ओवरऑल चौम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम किया।12 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रभप्रीत सिंह ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक एवं 400मी में रजत पदक, वंदना जोशी 200 मी एवं 400 मी में स्वर्ण पदक, आगमन शर्मा 100 मी में स्वर्ण पदक एवं 100 एवं 200 मी में कॉंस्य पदक, मोहित 100 मी में कॉंस्य पदक, मन्नत कौर 200 मी एवं 400मी में रजत पदक, रिया राय 100 मी में रजत और 200मी में कॉंस्य पदक, तेजवीर सिंह लंबी कूद में रजत पदक, शगुन कश्यप लंबी कूद में स्वर्ण पदक, वैष्णवी लंबी कूद में रजत पदक, जानविका राठौर लंबी कूद में कॉंस्य पदक अर्जित किया।14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक बालिकाओं में वैदेही छिंमवाल 100मी एवं 200 मी में स्वर्ण पदक, तन्मय कुशवाहा 100 मी में कॉंस्य पदक, वीराज मदान 400 मी में कॉंस्य पदक, आरॉंश बिष्ट चक्का फेंक में स्वर्ण पदक एवं गोला फेंक कॉंस्य पदक, कृष्ण भारद्वाज लंबी कूद में स्वर्ण पदक अर्जित किए। 17 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं में मनप्रीत कौर 100 मीटर एवं 200 मीटर में स्वर्ण पदक, आदित्य प्रताप सिंह चक्का फेक में स्वर्ण पदक गोला फेक में रजत पदक, परिधि शर्मा 100 एम 200 मीटर में कांस पदक, एवं हर्ष बतला चक्का फेक में कांस्य पदक अर्जित कर अपने स्कूल अभिभावक एवं अपने गुरुजनों को गौरवान्वित किया। इस महान उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक श्री योगराज बत्रा, चेयरमैन श्री रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, श्री विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) श्री प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, श्री सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजूकेशन) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्र व छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पीआर 126 धान नहीं खरीदने पर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर नयी मंडी समिति में सोमवार को धान की पीआर 126 वैरायटी न खरीदने पर किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। इस मुद्दे पर किसानों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने भी विरोध किया। सोमवार आयोजित नवीन मंडी परिसर मे एक घंटे तक चली किसानों और राइस मिल्स के बीच वार्ता विफल रही। किसानो ने कहा कि जब तक गदरपुर राइस मिल एसोसिएशन के द्वारा धान वैरायटी 126 को तोल नहीं करती तब तक भारतीय किसान यूनियन अपने फैसले पर अड़क रहेगी सभाकियू के जिला प्रभारी जितेन्द्र सिंह जीतू ने कहा कि पूरे जिले में सबसे अधिक खेती पीआर-126 वैरायटी की धान की हुई है।पिछले वर्ष इसकी पैदावार बेहतर रही, इसलिए इस बार अधिकांश किसानों ने



यही बीज बोया। अब जब फसल तैयार है, तो खरीद से मना किया जा रहा है। यह किसानों के साथ खुला अन्याय है। कहा कि मंडी समिति प्रशासन किसानों की मेहनत को नजरअंदाज कर रहा है। किसानों ने पूरी लागत लगाकर फसल तैयार की, लेकिन अब खरीद से इंकार कर देना सरकार की नीतियों पर सवाल खड़ा करता है।उन्होंने कहा कि सरकार यदि तुरंत समाधान नहीं करती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों को उनका हक दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। आईएमओ अशोक कुमार मंडी स्थल पहुंचे और किसानों से वार्ता करने के बाद यह तय हुआ 14 अक्टूबर दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे राइस मिल्स के लोग पहुंचेंगे उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड़ा,विक्रम सिंह गोराया, जितेंद्र सिंह जीतू, हरप्रीत सिंह, राजेंद्र मक्कड़,विनोद गुंबर, हरविंदर सिंह विर्क प्रताप सिंह, अशोक सेठी, पलविंदर सिंह, सुरजीत कुमार डावर आदि लोग उपस्थित थे।

# नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों के पांच दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्यों के 05 दिवसीय अभिमुखीकरण





प्रशिक्षण कार्यक्रम का अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य ने जिला पंचायत सभागार में दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। श्री मौर्य ने बताया कि 17 अक्टूबर तक विभिन्न विभागों द्वारा जिला पंचायत सदस्यों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी जायेगी। उन्होने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा दिये जाने वाले प्रशिक्षण को अच्छी तरह समझे ताकि सरकार द्वारा चलायें जा रहे विभिन्न विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में आसानी हो।अपर मुख्य अधिकारी जीके भट्ट द्वारा प्रशिक्षण सत्र में पंचायतीराज के गठन सम्बन्धी एवं 73वीं सर्वधिान संशोधन विधेयक आदि सम्बन्ध ी जानकारी दी गयी। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यकलापों के सम्बन्ध में जानकरी देते हुए जिला पंचायत के कर्तव्य एवं अधिकार एवं विभागीय कार्य कलापों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। साथ ही पंचायतीराज के अन्तर्गत विभिन्न धाराओं के माध्यम से प्राप्त अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।प्रशिक्षण सत्र में पंचायतीराज विभाग से उपस्थित जिलापंचायतराज अधिकारी द्वारा पंचायतीराज विभाग के कार्यों के सम्बन्ध में त्रिस्तरीय पंचायत संयुक्त रूप से भागीदारी करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों का किस तरह से विकास व ग्रामीण क्षेत्रों को सुदृणीकरण किया जा सकता है के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी, एव नो-कॉस्ट, लो-कॉस्ट गतिविधियों एवं विभिन्न योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों एवं सुदृणीकरण को कियान्वयन किस प्रकार किया जा सकता है के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इसी क्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आशुतोष जोशी द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में एवं उसे प्राप्त होने वाले लान के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्य सुषमा हालदार, सुरज नारायण, संगीता राणा, शिल्पी सिंह. ,आशादेवी, प्रेम प्रकाश, रीता कफलिया, भावना कोरंगा, सुनीता सिंह, चरनजीत सिंह, मौ० हसन, मौ० फुरकान, नईम अहमद, रजनी, शिल्की, रेखा रानी, मधुराणा, गुरदास कालडा, सीमा कौर, रूकमणी, योगेन्द्र सिंह डोबाल आदि उपस्थित थे।

# सीएम का विरोध करते युकाई किए हाउस एरेस्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी दौरे के विरोध की योजना बना रहे युवा कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उनके घरों में हाउस एरेस्ट कर दिया। विरोध करने की योजना बनाने की जानकारी मिलते ही प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के राजपुरा आवास में भारी पुलिस फोर्स दाखिल हो गई। इस दौरान हेमन्त साहू के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध करते हुए



मुख्यमंत्री वापस जाओ गरीबों के मकानों से लाल निशान हटाओ जैसे नारे लगाए। इस दौरान पुलिस व कार्यकर्ताओ के बीच धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस ने हेमन्त साहू समेत अन्य लोगों को हाऊस अरेस्ट किया।हेमन्त साहू ने कहा मुख्यमंत्री लगातार हवा हवाई दौरे सरकारी खजाने को बर्बाद कर रहे हैं।जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही राजपुरा समेत नगर के तमाम इलाकों में भवनों पर लाल निशान लगाकर जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। साहू ने कहा मुख्यमंत्री जब जब डरते हैं तो पुलिस को आगे कर लोकतांत्रिक विरोध को भी कुचलने का कार्य करते हैं।दीपा खत्री व पार्षद प्रीति आर्या ने कहा नशे का कारोबार युवाओं के जीवन को नष्ट कर रहा है।सरकार पुलिस प्रशासन पूरी तरह मौन है। हाउस अरेस्ट होने वालों में पार्षद प्रीति आर्या, दीपा खत्री, मयंक गोस्वामी, निर्भय खत्री, कागज आर्या समेत अन्य लोग थे।

# श्याम संकीर्तन में गूंजे भजन,भक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शर्मा डेरा फुलसुंगा में आयोजित भव्य श्री श्याम संकीर्तन में देर रात तक श्याम बाबा के भजनों की रसधारा बहती रही। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निवासी आशुतोष शर्मा की ओर से किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और संकीर्तन स्थल पूरे समय श्याम मय वातावरण में डूबा रहा। संकीर्तन का शुभारंभ विधिवत ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी शिरकत कर श्री श्याम बाबा की भक्ति में भागीदारी निभाई। इस मौके पर उन्होंने कहा भक्ति में जो शक्ति है, वह समाज को जोड़ने, हृदयों को एक करने और व्यक्ति को आंतरिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम बनती है। ऐसे आयोजन



सामाजिक सौहार्द का प्रतीक हैं और हमें अपनी आस्था व संस्कृति से जोड़े रखते हैं। संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक अमन मिश्री, नीलम गोला और हिमांशु पारीक ने एक से बढ़कर एक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। खाटू वाले का बुलावा आया है और श्याम तेरे बिना क्या मोल मेरी जिंदगी का जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने और भावविभोर होने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भजन गायकों और अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र में धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन समाज को सकारात्मक ऊर्जा से भरते हैं और युवाओं में नैतिक मूल्यों की नींव मजबूत करते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी अजय तिवारी, संजय ठुकराल, वार्ड नंबर 1 के पार्षद पवन राणा, मनीष पांडे, हृदय नारायण शर्मा, विश्व शंकर शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, सत्यजीत शर्मा, संतोष पांडे, संदीप तिवारी समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ रखोलिया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुनर्नवा महिला समिति द्वारा समाज में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु समिति द्वारा डॉ. ललित मोहन रखोलिया, सयुक्त निदेशक, टनकपुर हॉस्पिटल चंपावत को समर्पण सम्मान से अलंकृत किया गया। समित द्वारा डॉ. रखोलिया को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सम्मान समारोह में विधायक लालकुआ डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दरमवाल, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, ललित जोशी, समिति अध्यक्ष श्रीमती लता वर्मा, सचिव श्रीमती शान्ति जीना आदि कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# दिनेशपुर के ट्रक क्लीनर की पंजाब में संदिग्ध मौत

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।क्षेत्र के एक ट्रक क्लीनर की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वह चालक के साथ माल लेकर पंजाब गया था। मृतक के शव को घर लाया गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस



के अनुसार कंटोपा गांव निवासी आकाश सागर रुद्रपुर की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में क्लीनर का काम करता था। चार दिन पहले वह माल लेकर ट्रक के साथ पंजाब गया था। होशियारपुर में एक होटल में खाना खाने के दौरान वह गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन सोमवार को मृतक के शव को घर लेकर आए। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कृषक सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

पंतनगर। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के निर्देशन में प्राकृतिक खेती केन्द्र में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता के संवर्धन तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली के प्रसार के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत ऊधमसिंह नगर जिले के 30 क्लस्टरों की 60 कृषक सखियों का पाँच-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 18 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक शोध डा. सुभाष चंद्र द्वारा किया जायेगा। समन्वयक एवं वैज्ञानिक (प्राकृतिक खेती केन्द्र, पंतनगर) डा. सुनीता टी. पाण्डेय. ने प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती मिशन के उद्देश्यों के बारे में जागृत करना, इस मिशन में उनकी भूमिका के बारे में बताने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती की तकनीकी जानकारी, प्राकृतिक घोलों की तैयारी, गोमूत्र एवं जीवामृत के प्रयोग, खेतों में रासायनिक निवेशों के विकल्पों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे अपने-अपने क्लस्टरों में प्राकृतिक खेती की सशक्त प्रेरक बन सकें। यह प्रशिक्षण कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती संबंधी ज्ञान में आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाते हुए उन्हे" प्राकृतिक खेती की अग्रदूत के रूप में तैयार करेगा।

# समाजसेवी चिराग मुरादिया की माता का निधन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नंबर 9, पंजाबी कॉलोनी निवासी समाजसेवी चिराग मुरादिया की माता श्रीमती सोमा रानी मुरादिया (उम्र 72 वर्ष) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जैसे ही यह दुखद समाचार नगर में फैला, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।स्वर्गीय सोमा रानी मुरादिया अपने सौम्य स्वभाव और धार्मिक प्रवृत्ति के कारण कॉलोनी ही नहीं बल्कि पूरे शहर में सम्मानित मानी जाती थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही गदरपुर की सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शोक संवेदना प्रकट करने के लिए उनके निवास पर पहुँचना शुरू हो गए। देखते ही देखते उनके घर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया।इस अवसर पर सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। नगर के प्रतिष्ठित लोग एवं समाजसेवी संगठनों ने कहा कि सोमा रानी मुरादिया का जाना गदरपुर की सामाजिक चेतना के लिए एक अपूरणीय क्षति है।



# गड्ढामुक्त हुई सड़क,लोगों को मिली राहत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने लंबे समय से पाइप लाइन लीकेज के चलते बना गड्ढा आखिरकार सोमवार को पाट दिया गया। यह गड्ढा आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया था। रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएँ इसी मार्ग से होकर स्कूल जाती थीं, जिससे उनके फिसलने या चोटिल होने का खतरा बना रहता था। अभिभावकों की चिंता को देखते हुए वार्ड नंबर दो के सभासद पति एवं समाजसेवी रमेश राय ने स्वयं आगे आकर इस समस्या के समाधान का बीड़ा उठाया। उनके निरंतर प्रयास और तत्परता से सोमवार को सड़क को पूरी तरह



गड्ढामुक्त कर दिया गया।स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने इस कार्य को सराहनीय बताते हुए रमेश राय के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहित में है। इस अवसर पर समाजसेवी रमेश राय ने कहा कि नगर का विकास और जनता की सुविधा ही मेरा पहला कर्तव्य है। जहां भी जनता को दिक्कत होगी, मैं वहां खड़ा रहूंगा। नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे भी क्षेत्र की समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाता रहेगा।

# खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए मिलावटी मिठाइयों व खाद्य पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने शक्तिफार्म एवं सितारगंज क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का



औचक निरीक्षण किया।राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई में पनीर, दूध, मावा, पेड़ा, मावा बर्फी, चॉकलेट बर्फी सहित आठ खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु एकत्र किए गए। टीम ने साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर दुकानदारों को सख्त निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एक डेयरी में रखा करीब 7 किलो खोया मानक के अनुरूप न पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। डॉ. फुलारा ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नमूने जांच में असफल पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य, तथा राजस्व उप निरीक्षक राजीव दुबे सहित विभागीय टीम शामिल रही। जनपद में त्योहारी सीजन के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों पर निगरानी के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।








# Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.







# लोक भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध: सीएम

## कुमाऊं द्वार महोत्सव में सीएम ने किया सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ





हल्द्वानी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित पांच दिवसीय कुमाऊं द्वार महोत्सव में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पंहुचकर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमाऊँ द्वार महोत्सव यह केवल एक संस्कृति का उत्सव नहीं है बल्कि यह महोत्सव हमारी अस्मिता हमारी पहचान हमारी जड़ों से जुड़ाव रखता है। उन्होंने हमारी लोक संस्कृति गौरा-महेश सातू-आठू के साथ ही हमारे पुराने मोटे अनाज जो हमारे खाद्य पदार्थ हुवा करते थे, का जिक्र करते हुए कहा कि ये संस्कृति व खाद्य पदार्थ तब मंदिर तक जाते थे,मंदिर में यह खेल लगते थे और यह हमारी पूरी संस्कृति की झलक कुमाऊं द्वार महोत्सव में दिख रही है। इसी कारण हर वर्ष यहां पर प्रतिभाग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति से और परंपराओं से एक गहरा जुड़ाव हम सब करें। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव हमारे कलाकारों को भी एक मंच प्रदान करता है उनकी कला का प्रदर्शन का अवसर देता है और उनको सम्मानित करने का काम भी इस कुमाऊं द्वार महोत्सव के माध्यम से होता है। उन्होंने आयोजन की बधाई देते हुए महोत्सव में प्रस्तुति देने वाले सभी लोक कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा सभी कलाकार अपनी मेहनत से लगन से आज उत्तराखंड का नाम और हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्पष्ट प्रमाण है कि टेक्नोलॉजी और ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में भी हमारे आने वाली पीढ़ी को हमारी जड़ों से जोड़ने का सुंदर कार्य यह महोत्सव कर रहा है, यहॉ के लोक कलाकारों ने भी अपने परिश्रम निष्ठा से उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया के बीच लाने का कार्य किया है। यहॉ के लोक कलाकार उत्तराखंड की सीमाओं को लांघ कर विदेशों में भी जाकर उत्तराखंड की जो संस्कृति है दुनिया के बड़े मंच पर प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में प्रधानमंत्री द्वारा हमारे राज्य की जो ब्रह्म कमल की टोपी है अपने सर पर पहनी थी और उसके बाद पूरे देश और दुनिया में हमारी टोपी आज हमारी पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य की लोक भाषा और संस्कृति के संरक्षण और समर्थन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में लोक कलाकारों की सूची भी तैयार की जा रही है जिससे लोक कलाकारों का सत्यापित करने में सहायता भी मिल रही है जिससे उनकी सहायता भी कर पा रहे हैं। कोरोना काल के दौरान लगभग 3200 सूचीबद्ध कलाकारों को प्रतिमाह 2000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई थी इसके अलावा लोक कला के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले कलाकारों को प्रतिमाह की पेंशन भी प्रदान कर रहे हैं। गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत 6 महीने का लोक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन भी कर रही है इन्हीं कार्यशालाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को हमारी पौराणिक संस्कृति की महत्व उसकी समर्थ परंपराओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रहे हैं जिनके माध्यम से संस्कृत घरों को सुरक्षित और विकसित करने में सहायता मिल रही है। सरकार उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान, साहित्य भूषण, लाइव टाइप अचीवमेंट पुरस्कार के माध्यम से उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित कर रही है। साथ ही रोजगार को बढ़ाने का प्रयास भी कर रहे हैं इसमें हमारी मातृशक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। यह दशक उत्तराखंड का दशक इसके बारे में माननीय प्रधानमंत्री जी ने हमारे अंदर उर्जा और प्रोत्साहन भरने का काम किया है उसको आगे ले जाने के अग्रदूत कोई बनेगा तो उसमें सबसे बड़ी भूमिका अगर किसी की होगी तो हमारी माता बहनों की होगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नकल माफिया के खिलाफ सरकार ने राज्य में नकल विरोधी कानून लागू किया और ऐसा प्रहार किया कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो। स्नातक परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत पर छात्रों की मांग पूरी करते हुए परीक्षा को रद्द करने का काम किया, वहीं सीबीआई जांच की संस्तुति प्रदान की। इन चार वर्षों में 25000 से अधिक भर्ती हो गई है, युवाओं को रोजगार दिया गया है। कल 1500 को नियुक्ति पत्र देने वाले हैं इसके बाद यह संख्या 25500 से अधिक हो जाएगी।। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है पिछले 4 वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ के मंत्र को आत्मसात करते हेतु भी सभी से अपील की और कहा कि अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें स्वदेशी का प्रयोग करें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कुमाऊं द्वार महोत्सव हमारी संस्कृति परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा। इसके लिए उन्होंने गोविंद दिगारी एवं खुशी दिगारी सहित उनकी पूरी टीम व आयोजन समिति को बधाई देता दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, और ऐसे आयोजन इस विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, लोक कला और परंपराओं को संजोए रखने के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने में मदद कर रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉल का भी अवलोकन किया, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ष्लखपति दीदी योजनाष के तहत महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की भी बात कही, जिससे प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महोत्सव में विभिन्न लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमें लोकनृत्य और लोकगीत शामिल थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य दीपा दरमवाल, विधायक राम सिंह कैड़ा,मेयर नगर निगम हल्द्वानी गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, किसान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी,कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत,आई जी रिद्धिमा अग्रवाल, एसएसपी पी एस मीणा, प्रभारी जिला अधिकारी अनामिका, महोत्सव के आयोजक खुशी जोशी एवं गोविन्द दिगारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, लोक कलाकार और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही










## मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर विधायक फकीर राम का जाना हाल

हल्द्वानी( उद संवाददाता) ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हल्द्वानी भ्रमण के दौरान हल्द्वानी के एक चिकित्सालय में एडमिट गंगोलीहाट के विधायक फकीर राम से मुलाकात कर उनका हाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय पहुंचकर विधायक फकीर राम के स्वास्थ्य की जानकारी



ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से उपचार की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सालय प्रबंधन को विधायक श्री फकीर राम के उत्तम उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सरकारी अस्पताल से एक्स-रे मशीन की चोरी

दिनेशपुर ।अज्ञात चोरों ने नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़कर उसमें रखी एक्सरे मशीन सहित अन्य सामान चुरा लिया । जिसके बाद अस्पताल प्रबंधक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है । पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुट गई है । नगर के स्व पुलिन बाबू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चीफ फार्मासिस्ट ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 12 शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने अस्पताल का ताला तोड़कर उसमें रखी दो एक्सरे मशीन , बेड साइड लॉकर , वॉल फैन सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया । उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई को गुहार लवाई है । पुलिस अज्ञात चोरों का पता लगाने में जुट गए हैं । आसपास सीसीटीवी से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है ।

# चार वर्ष में 25 हजार अभ्यर्थियों को दी सरकारी नौकरी: धामी

## आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत सोशल मीडिया गोष्ठी आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला नैनीताल द्वारा आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत गौलापार में सोशल मीडिया गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रतिभाग किया। दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम गान के साथ गोष्ठी का शुभारंभ किया गया।उपस्थिति कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक व डीजिटल मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया आज के समय में काफी प्रासंगिक है उन्होने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव से विपक्ष द्वारा टूल किट के माध्यम से लगातार एक फेक नेरेटिव रचने का प्रयास किया जा रहा है जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर रचनात्मक रूप से अधिक सक्रिय होकर मुँहतोड़ जवाब देना है।स्नातक स्तरीय परीक्षा के सम्बन्ध में उन्होने बताया कि पेपर लीक न होकर यह एक नकल प्रकरण है। जिसकी उन्होने सीबीआई जांच की सस्तुति के साथ-साथ परीक्षा को रद्द किया जा चुका है। उन्होने बताया कि उनके 4 वर्ष के कालखण्ड में राज्य सरकार द्वारा 25000 अभ्यर्थी को सरकारी नियुक्तिया दी जा चुकी है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासो से विगत 4 वर्षों में राज्य हित में दशको से रूके हुए ऐतिहासिक कार्य जैसे बहुदद्देशीय जमरानी बाँध, किच्छा स्थित खुर्पिया फार्म में एम्स सेटेलाइट सेन्टर व नवीन औद्योगिक शहर का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही शीघ्र पन्तनगर हवाई अड्डे का विस्तार कर उसको अन्तराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हल्द्वानी में शीघ्र ही खेल विश्वविद्यालय प्रारम्भ किया जाएगा व हल्द्वानी में उत्कृष्ट सुविधाओं के साथ राज्य कैंसर संस्थान का निर्माण गतिमान है।श्री धामी ने बताया चारधाम यात्रा में विगत माह आयी आपदा के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या ने एक नया रिकार्ड बनाया है।इसके अतिरिक्त खनन राजस्व में भी रिकार्ड 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो साबित करता है कि राज्य की खनन नीति राजस्व बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इसके अतिरिक्त समान नागरिक संहिता, दंगारोधी कानून, संख्त नकल अध्यादेश, मदरसा बोर्ड की समाप्ति सहित ऐसे अनेको कार्य राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में पहले बार किये गये। उन्होने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आवहन करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की इन ऐतिहासिक उपलब्धियो को सोशल मीडिया के माध्यम से सक्रिय होकर आम जन के बीच ले जाना है व विपक्ष के बनाये हुए कुचक्रो को निरन्तर फेल करना है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा सोशल मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने व संचालन जिला महामंत्री रंजन बर्गली व विनीत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में लालकुआ विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैडा, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक श्रीमती सरिता आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, शंकर कोरंगा, श्रीमती रेनू अधिकारी, नवीन वर्मा, श्रीमती शांति मेहरा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सह प्रभारी श्रीपाल राणा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, युवा मोर्चा प्रदेश महामन्त्री दीपेंद्र कोश्यारी, सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष,मंडल मीडिया, सोशल मीडिया, आई.टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# 'डिजिटल अरेस्ट' का खतरा

डिजिटल प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को आसान और कुशल बनाती है। इससे संचार, शिक्षा, बैंकिंग और स्वास्थ्य सहित कई सेवाएं बेहतर हो जाती हैं। निस्संदेह यह तकनीक आज के समय की जरूरत बन गई है। मगर निजी और व्यावसायिक स्तर पर इसका जितना महत्त्व है, बिना व्यापक जानकारी के इसका इस्तेमाल उतना ही खतरनाक साबित हो सकता है। इस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अब आपराधिक गतिविधियों में भी धड़ल्ले से होने लगा है। इसी तरह के एक मामले में महाराष्ट्र के अमरावती में उपभोक्ता अदालत से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को साइबर जालसाजों ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे इकतीस लाख रुपए ठग लिए।हालांकि, इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी ऐसे कई मामले देश भर में सामने आ चुके हैं। मगर सवाल है कि इन घटनाओं से शासन-प्रशासन और डिजिटल तकनीक से जुड़े लोग क्या सबक ले रहे हैं? क्या इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोई ठोस उपाय किए गए हैं?दरअसल, 'डिजिटल अरेस्ट' का मतलब है कि जब साइबर जालसाज किसी व्यक्ति को आनलाइन माध्यम से डराते-धमकाते हैं और उसे तब तक एक स्थान पर ही रहने को मजबूर कर देते हैं, जब तक कि वह मुंह मांगी रकम नहीं दे देता। ऐसे में सबसे पहले यह जरूरी है कि डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या सौ करोड़ तक पहुंच गई है। मगर, सवाल है कि इनमें से कितने लोग ऐसे होंगे, जो डिजिटल तकनीक की जटिलताओं और इसके संभावित खतरों को जानते-समझते हैं? आए दिन सामने आ रहे साइबर अपराधों की तस्वीर से साफ है कि ऐसे लोगों की संख्या बेहद कम है। अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अगर शिक्षित एवं उच्च पदों पर रहे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं, तो डिजिटल तकनीक के मामले में आम लोगों के साथ क्या स्थिति होगी। सरकार की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी नई तकनीक को लेकर जनता के बीच व्यापक जागरूकता लाई जाए। साथ ही, तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# आठवीं बार राष्ट्रीय जु-जित्सु का सिरमौर बना उत्तराखंड

## 19 स्वर्ण पदक सहित कुल 51 पदक जीत देश में रचा इतिहास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।ऊधम सिंह नगर जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सहारनपुर उत्तर प्रदेश के डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 9-12 तक संपन्न हुई राष्ट्रीय सीनियर जुजित्सु चैंपियनशिप 2025 में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तराखंड राज्य के खिलाड़ियों ने अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आठवीं बार उत्तराखंड राज्य को भारतीय जुझ जित्सु का सिरमौर बना दिया। जुजित्सु एसोसियेशन ऑफ इंडिया के निदेशक प्रशासन सतीश जोशी ने बताया कि उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने आठवीं बार राष्ट्रीय चौंपियनशिप में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर 19 स्वर्ण पदक, 13 रजत एवं 19 कांस्य पदक सहित कुल 51 पदक जीतकर इतिहास रचा। चौंपियनशिप की हर एक स्पर्धा में राज्य के खिलाड़ी छाए रहे। उन्होंने कहा कि उक्त चौंपियनशिप में देश के 26 राज्यों से 639 चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। मध्य प्रदेश को चौंपियनशिप में दूसरा एवं हरियाणा राज्य को तीसरा स्थान मिला। चयनित पदक विजेता खिलाड़ी आगामी नवंबर माह में 1 से 7 तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में होने जा रही विश्व जुजित्सु चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तराखंड की टीम ने जुजित्सु एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी के निर्देशन एवं टीम के मुख्य कोच ऋषिपाल भारती के नेतृत्व में चौंपियनशिप में भाग लिया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में जय प्रकाश , विशाल मेहता, दीपिका गुप्ता, विशान क्षेत्री, ममता उपाध्याय, शुभम कुमार, कौशल्या गुप्ता, क्षितिज सिंह, अमन पाल, मन्नी अरोड़ा, शिवानी सिंह, आशा बिष्ट, कंचन बसेरा शामिल हैं। राज्य के जुजित्सु खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड राज्य का गौरव बढ़ाने पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या, भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ अलकनंदा अशोक, उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी, उत्तराखंड श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री कैलाश पंत, राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष हेमराज बिष्ट, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोड़ा, निदेशक प्रशासन सतीश जोशी, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस करन माहरा, उत्तराखंड मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हरीश कोठारी, प्रभारी उप निदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, जिला डीएसओ जानकी कार्की, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, किशोर सिंह, राष्ट्रीय रेफरी नीलेश जोशी, कमल सिंह, नव्या पांडे, आदित्य सिंह, प्रज्ञा जोशी, शुभम रावत,हिमा भट्ट , वीरेंद्र, गंगा मेहरा, करुणानिधि पांडेय आदि ने बधाई दी है।






# सहकारिता ही सामाजिक एकता और आर्थिक स्वावलंबन की आधारशिला: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आवास विकास मैदान श्रीनगर में आयोजित नौ दिवसीय सहकारिता मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों/समूहों/संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा उन्हें बाजार से जोड़ने के प्रयासों के लिए काश्तकारों एवं स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में सहकारिता आंदोलन ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण का प्रेरक सूत्र बनने के साथ सामाजिकता तथा आंशिक स्वावलंबन का आधार भी है। सहकारिता समाज को जोड़ने और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मेला सहकारिता की भावना को और प्रगाढ़ करेगा तथा महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों को एक व्यापक मंच उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता भारत की संस्कृति और जीवन पद्धति का प्रतीक है, जिसकी झलक "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना में भी दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 को विश्व सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है और सहकारी से समृद्धि के लक्ष्य को साकार करने हेतु केंद्र सरकार ने एक अलग सहकारी मंत्रालय का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के तहत अब तक 671 सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। साथ ही 13 जनपदों की 5511 समितियों में से 3838 समितियों के अभिलेख राष्ट्रीय सहकारी पोर्टल पर अपलोड कर ऑनलाइन किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की तुलना में मंडुवा की खरीद में5.50 रुपये प्रति किलो की वृद्धि कर 48.86 प्रति किलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्यों हेतु किसानों को पं दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना से तीन तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है। कहा कि आज प्रदेश के सहकारी बैंकों में 16 हजार करोड़ रुपये की सहकारी पूंजी जमा होना जनता के विश्वास का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमिता को नई दिशा मिल रही है और "लखपति दीदी" अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा" कथन को राज्य की महिलाएँ अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के माध्यम से साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनपदों में चल रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है। नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने हेतु देश का सबसे सखय़्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है और सौ से अधिक नकल माफियाओं को जेल भेजा गया है। हाल ही में हरिद्वार में उजागर नकल प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की और युवाओं की अपेक्षा के अनुरूप सीबीआई जांच की संस्तुति की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में एक सख्त भू-कानून लागू कर भूमाफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है, जिससे उत्तराखंड के मूल अस्तित्व और भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीनगर में सीवर लाइन एवं पेयजल आपूर्ति की डीपीआर प्राप्त होते ही तत्काल स्वीकृति दी जाएगी, जिससे नगर में पंद्रह घंटे तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में वर्तमान में 31 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हैं, जिसे 50 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सहकारिता द्वारा प्रदेशभर के 16 लाख किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में आयोजित सहकारिता मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों ने लगभग 35 लाख का व्यापार किया है तथा इस मेले से श्रीनगर में लगभग 1 करोड़ का व्यापार हुआ है। मंत्री ने बताया कि कॉपरेटिव इस समय 30 करोड़ रुपये के लाभ में है। लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ा जा रहा है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसरों में निरंतर वृद्धि हो रही है। कल 1500 एलटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे राज्य में रोजगार का आंकड़ा 26,500 के पार पहुंच जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री ने शक्ति स्वयं सहायता समूह पाबौ को बागवानी के लिए, उड़ान स्वयं सहायता समूह पाबौ को मुर्गीपालन, सवेरा स्वयं सहायता समूह पलिगांव पाबौ को दोना-पत्तल, महादेव स्वयं सहायता समूह पैठाणी को मुर्गीपालन, जयहरीखाल के मालन स्वयं सहायता समूह को बद्री गाय पालन के लिए 5-5 लाख के चेक वितरित किये। इसके अलावा वसुंधरा स्वायत्त सहकारिता पसीणा तथा जय भोलेनाथ स्वायत्त सहकारिता कंडेरी को कृषि विभाग की एसएमएएम योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों के लिए 4-4 लाख के चेक जबकि गुच्छी उत्पादन तकनीक के लिए नवीन पटवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों की उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह सहित सहकारिता से जुड़े लोग एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।



# किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर संगीत संध्या आयोजित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।सेवा संकल्प समिति के द्वारा दिनेशपुर ऑडिटोरियम में स्वर्गीय किशोर कुमार जी की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरुप एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों के अलावा किशोर कुमार को प्रेम करने वाले बाहरी कलाकारों एवं श्रोताओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वर्गीय किशोर कुमार जी की फोटो पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन भाजपा नेता हिमांशु सरकार, सुभाष व्यापारी, अनादी रंजन मंडल,रवि सरकार, विश्वजीत मंडल नित्यानंद मंडल परिमल राय सीमा सरकार अनिंदिता सरकार सुनीला मिस्त्री मनोज राय चंद्रशेखर विश्वास अर्धेंदु सरकार मानवेंद्र कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। सबसे पहले गायक अर्जुन कुमार( पत्रकार) ने श्आमार शिल्पी तुमि किशोर कुमार तोमके जनाई प्रणामश एवं रिमझिम गिरे सावन गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया उसके उपरांत रवि सरकार ये शाम मस्तानी,समा है सुहाना सुहाना,तपन कुमार हम बेवफा हरगिज न थे, मुसाफिर हूं यारों,, सुमेधा सरकार पल पल दिल के पास, चिरौदिनी तुमि के आमार,,कु. अर्पिता ये रातें यह मौसम, कु.भावना, खाई के पान बनारस वाला,राज माझी भोले ओ भोले, जगदीश राय ओ मेरे दिल के चौन,महेश राय यह जो मोहब्बत है,शेखर मंडल दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा,अमलेंदु मंडल हवा मेघ सो राय,अमल कुमार तेरे जैसा यार कहां, तरुण सिंह नीले नीले अंबर पर,विजय गुप्ता एक अजनबी हसीना से, सिद्धांत सरकार पल पल दिल के ,अनूप सरकार ओ साथी रे तेरे बिनाआदि ने किशोर के एक से बढ़कर एक बेहतरीन गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, काजल राय, गौतम सरकार, कालीपद बिस्वास, प्रकाश अधिकारी,नौनी बढ़ई सुधीर राय, मास्टर नित्यानंद मंडल, सेवी नित्यानंद मंडल विकास राय राजेश सरकार अनामी विश्वास सुधीर अधिकारी आनंद राय गोस्ट कुमार परितोष कुमार मोहित कुमार विमल राय पैरिमोहन देवेंद्र राय श्रीमती प्रभा राय शिखा ढाली हेमा चक्रवर्ती मीना मंडल प्रमिला मंडल उर्मिला राय बकुल सरकार सपना मलिक संगीत में द्विजेंद्र मलिक राकेश तमता महेश राय उत्तम अधिकारी आदि ने प्रस्तुति दी।



# माँ मनसा देवी पूजा में सहभागिता कर लिया आशीर्वाद

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने नगर पंचायत दिनेशपुर के वार्ड नं 4 स्थित काली मंदिर में आयोजित माँ मनसा देवी पूजा में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।गुंजन सुखीजा द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओ से मुलाकात की एवं क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए आवाहन करते हुए माँ मनसा का आशीर्वाद प्राप्त किया।वही उन्होंने कहा माँ मनसा देवी की पूजा का महत्व बहुत सी मान्यताओं से जुड़ा है जिसमें सर्प दोष आर्थिक बढ़ाओ से मुक्ति संतान प्राप्ति स्वास्थ्य लाभ और नारात्मक शक्तियों से सुरक्षा है मां मनसा देवी को विश हारने वाली देवी भी कहा जाता है उन्होंने का मन की पूजा से सर्प और बिच्छू के काटने का भय दूर होता है यह भी मानता है कि उनकी पूजा से की संतान दंपतियों को स्वस्थ और सुयोग्य संतान की प्राप्ति होती है मां मनसा देवी की पूजा से आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है और विभिन्न प्रकार की बीमारियों से मुक्ति मिलती है उन्होंने कहा मां मनसा देवी की पूजा अनिश्तकारी और नारात्मक शक्तियों को खत्म कर मानव जीवन को सुरक्षित करने का कार्य करती है और सच्चे मन से की गई मां मनसा देवी की पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को दीपावली एवं धनतेरस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भोला शर्मा, विशम्भत बैरागी, मृत्युन्जय सरकार,दीपक मक्कड़ सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पारंपरिक कृषि के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाएं किसान : चौहान







पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के चार-दिवसीय किसान मेले का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गांधी हाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध, डा. सुभाश चन्द्र, कृषि महाविद्यालय के 1963 बैच के पूर्व छात्र एवं डा. सुखचरन सिंह एवं प्रगतिशील कृषक श्रीमती गीतांजली भोज मंचासीन थे। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा एवं उनकी टीम को 118वें अखिल भारतीय किसान मेले के सफल आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि इस किसान मेले की ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी अधिष्ठाता, निदेशक, नियंत्रक, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, संकाय सदस्य, सुरक्षा अधिकारी, विद्यार्थियों एवं अनेकों कर्मियों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय सदैव किसानों की आय वृद्धि, सतत कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध रहा है। किसान मेला केवल तकनीकी प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि यह किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के बीच संवाद एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे पारंपरिक कृषि के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाएँ तथा फसल विविधीकरण, जलवायु-स्मार्ट कृषि और मूल्य संवर्धन पर विशेश ध्यान दें ताकि कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस प्रदेश के लगभग 60 लाख किसानों के साथ-साथ देश के किसानों को भी वैज्ञानिक उपलब्धियों से योगदान कर रहे हैं क्योंकि यह विश्वविद्यालय देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है और इसका सुदृढ मूल-भूत ढ़ांचा है और साथ ही जिम्मेदारी भी है और इस विश्वविद्यालय से सभी को अपेक्षायें भी है। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों का पूरे तन-मन से योगदान के लिए आहवान किया और अंत में अगले किसान मेले का आयोजन चार दिन के स्थान पर पांच दिन किये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक श्रीमती गीतांजली भोज एवं पूर्व छात्र डा. सुखचरन सिंह ने अपने अनुभावों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया और चार दिवसीय 118वें किसान मेले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में 575 स्टॉल लगाए गए, मेले में 1 करोड़ 45 लाख के बीजों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि मेले में 37 हजार 8 सौ पंजीकृत एवं अपंजीकृत किसानों द्वारा भ्रमण किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा सर्वोत्तम स्टाल के लिए मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज, रुद्रपुर तथा सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स जसवन्त एग्रीकल्चर वर्क्स, पंजाब के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया तथा महिला क्लब पंतनगर को बेस्ट समूह का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं स्टालों के विजेताओं को भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती बीना चौहान ने कहा कि किसान मेले में क्लब द्वारा अर्जित धनराशि का प्रयोग सामजिक उत्थान के लिए चौरिटी के रुप में खर्च किया जाता है। अंत में डा. सुभाश चंद्रा, निदेशक, शोध द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## किसान मेले की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

पंतनगर। पंतनगर में चल रहे चार-दिवसीय किसान मेले के समापन समारोह में मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी में सबसे अधिक 39 (25 प्रथम व 14 द्वितीय) पुरस्कार प्राप्त करने पर उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था, पत्थरचट्टा के प्रतिनिधि को प्रथम तथा शाक-भाजी, गमले में अलंकृत पौधे एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी में कुल 27 (9 प्रथम एवं 18 द्वितीय) पुरस्कार प्राप्त करने पर फार्म अधीक्षक उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था, पत्थरचट्टा के प्रतिनिधि को द्वितीय पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थानों के स्टालों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही मेले में लगाये गये विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्शन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय में चल रहे 118वें किसान मेले में आज समापन अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान; निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल एवं अन्य अधिकारियों द्वारा कृषि महाविद्यालय के स्टाल पर जहां विभिन्न विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किसान मेले की थीम 'स्मार्ट एग्रीकल्चर एवं डिजिटल क्रांति द्वारा समृद्ध किसान' पर तैयार किये गये मॉडलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने बड़ी मशीनरी तथा रसायन एवं बीजों के स्टालों का भी निरीक्षण किया।

# 'नैनीताल बवाल' पर हाईकोर्ट ने तलब की 'जांच रिपोर्ट'

### जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण संबंधी मामले की हाई कोर्ट की डबल बेंच ने की सुनवाई

नैनीताल।उत्तराखंड में दो माह पूर्व संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान हुए बवाल, जिसमें फायरिंग एवं पांच जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण जैसी संगीन वारदात हुई थी, से संबंधित मामले नैनीताल हाईकोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से अब तक हुई जांच की विस्तृत रिपोर्ट हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि बीते रोज हुई सुनवाई में नैनीताल हाई कोर्ट ने पांच जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण, चुनाव में डाले गए एक मतपत्र पर ओवरराइटिंग की शिकायत और जिला पंचायत का चुनाव रिपोलिंग कराने को लेकर लिए गए स्वत: संज्ञान और पीड़ित पक्षकार की याचिका पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से अब तक की गई जांच की विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा । जिस पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि घटना के दिन जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण के मामले की जांच सीआईडी को दी गई है। जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है। इस पर राज्य सरकार के तर्क का विरोध करते हुए पीड़ितों की तरफ से कहा गया कि सीआईडी पहले से वहां पर मौजूद थी, उनको तब पता नहीं चला, तो अब क्या रिपोर्ट देंगे? पीड़ितों का कहना था कि मामले की जांच करानी है, तो उच्च स्तर की जांच एजेंसी से कराई जाए।कोर्ट में राज्य सरकार ने रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। जिस पर कोर्ट ने दो दिन का समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए 15 अक्टूबर की तारीख तय की है। स्मरण करना होगा कि गुजरे 14 अगस्त को नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान पांच जिला पंचायत सदस्यों का पोलिंग बूथ के बाहर से सरे आम अपहरण कर लिया गया था । जिसका नैनीताल हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई की थी और राज्य सरकार से कहा था कि वह मामले की स्वतंत्र जांच कर कोर्ट जांच रिपोर्ट में पेश करे लेकिन जांच रिपोर्ट आज दिनांक तक पेश नहीं की गई। जबकि, चुनाव हुए दो महीने का समय बीत चुका है। सोमवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से यह कहते हुए जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा गया कि मामले की जांच सीआईडी यानी क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट को दे दी गई है। जिसकी रिपोर्ट अभी तक सरकार को प्राप्त नहीं हुई है ,लिहाजा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कुछ और समय दिया जाए। जिस पर कोर्ट ने समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए बुधवार 15 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

## दीपावली से पहले पटाखा बाजार गुलजार

शक्तिफार्म। दीपावली पर्व नजदीक आते ही क्षेत्र में पटाखा बाजार की रौनक बढ़ने लगी है। प्रशासन ने इस बार सुरक्षा और नियमों के कड़े मानक तय करते हुए सोमवार से पटाखों की दुकानों के लिए लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने साफ निर्देश दिए हैं कि किसी भी दो पटाखा दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी अनिवार्य होगी। साथ ही हर दुकान में धूम्रपान निषेध का बोर्ड तथा अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करनी होगी। दीपावली पर्व को देखते हुए प्रशासन और फायर विभाग पूरी तरह सतर्क मोड में हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर फायर विभाग ने अपने सभी संसाधनों को सक्रिय कर दिया है ताकि बिना लाइसेंस या असुरक्षित तरीके से पटाखों की बिक्री करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। पटाखा बाजार लगाने के इच्छुक व्यापारियों को पहले संबंधित तहसील से आवेदन पत्र लेना होगा। इसके बाद फायर विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने पर ही एसडीएम कार्यालय से लाइसेंस जारी किया जाएगा। फायर सेफ्टी ऑफिसर (एफएसओ) महेश चंद्र ने बताया कि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी भी स्थिति में पेट्रोल पंप, गैस गोदाम या ज्वलनशील वस्तुओं के पास पटाखों की दुकान लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उधर, पटाखा कारोबारियों ने भी दीपावली से पूर्व बाजारों की तैयारी तेज कर दी है। वहीं प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। दीपों के इस पर्व पर प्रशासन ने जनता से अपील की है कि सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ही खुशियों का उत्सव मनाएं, ताकि रोशनी और उमंग से भरा यह पर्व किसी भी दुर्घटना या लापरवाही के कारण दु:ख का कारण न बने।

## पेज एक का शेष...

**दिवाली से पहले ..**भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी रिद्धिमा अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका, जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

**जमीन घोटाले में ..**गया है। दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, आरटीआई कार्यकर्ता रविशंकर जोशी ने प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा भूमि पर तत्काल कब्जा लेने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की मंशा पर संदेह पैदा होता है। उधर, दीपा दरमवाल ने अपने बचाव में कहा कि उन्होंने विधिसम्मत तरीके से जमीन की रजिस्ट्री करवाई है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि हम न्यायालय के फैसले का सम्मान करेंगे। करीब 13 साल पुराने इस लैंड फ्रॉड केस में पुलिस की हालिया कार्रवाई ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है।

**युवक और उसके साथी...** भिजवाया है, आज इन्हें जान से मार दो। चीख- पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी बोलेरो और मोटरसाइकिल से भाग गए। जाते-जाते उन्होंने धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी पुलिस को दी तो जान से मार देंगे। घायल बसंत सिंह और राहुल किसी तरह जिला अस्पताल रुद्रपुर पहुंचे, जहां उनका इलाज हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों सहित अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**तमंचा और कारतूस..**प्रीत विहार, थाना रुद्रपुर में रह रहा था। तलाशी में अशोक की कमर से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में अशोक ने बताया कि वह वैगा कंपनी में पैकिंग का काम करता है और अफीम का नशा करता है। उसने बताया कि रौब जमाने के लिए उसने यह हथियार कुछ दिन पहले 6000 में खरीदा था। पुलिस ने जब उससे कार के कागजात मांगे तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसके बाद पुलिस ने कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर लिया।

**हादसे में घायल..**गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए यहां एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया था। जहां भानवती ने सोमवार की सायं उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## मुख्यमंत्री ने किया मातृ-पितृ तीर्थाटन यात्रा का शुभारंभ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के तहत आज मंगलवार को हल्द्वानी सर्किट हाउस से मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं के दल को हरी झंडी दिखाकर पवित्र गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना का उद्देश्य उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करना और उनके जीवन में आध्यात्मिक शांति एवं आनंद का संचार करना है।इस बार की यात्रा में 19 महिला एवं 13 पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। यह पांच दिवसीय यात्रा होगी,



इस दौरान यात्री गंगोत्री धाम सहित मार्ग के विभिन्न पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे।मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।यात्रियों के आवास,भोजन आदि की व्यवस्था गढ़वाल मंडल विकास नियम के पर्यटन आवास केन्द्रों में की गई है। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत (कालाढूंगी), विधायक राम सिंह कैड़ा (भीमताल), भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,राज्य सरकार में विभिन्न दायित्वधारी, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे

## पुलिस ने खोए मोबाईल बरामद किए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने 5 खोए मोबाइल बरामद कर उन्हें उनके स्वामियों को सौंपा गया। जनपद पुलिस द्वारा 2-3 माह पूर्व खोए मोबाइलों की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही की गई।शिकायतकर्ताओं वसीम, संध्या सिरसवाल, इरफान, सलीम एवं अक्सा द्वारा अपने मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सुशील जोशी प्रभारी थाना बनभूलपुरा व पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस सेल की तकनीकी सहायता से खोजबीन कर कुल 5 मोबाइल फोन बरामद किए गए।उक्त सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को



थाना बनभूलपुरा में सुपुर्द किए गए।मोबाइल प्राप्त करने पर शिकायतकर्ताओं ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें खोए हुए मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन पुलिस की मेहनत के कारण अपने मोबाइल वापस मिले हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज को किसान मेले में मिला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 118वें अखिल भारतीय किसान मेले में जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज ने अपनी उत्कृष्ट तकनीक और नवाचार के दम पर सबका दिल जीत लिया। कंपनी को इस प्रतिष्ठित आयोजन में ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कंपनी के डायरेक्टर रोहित गुंबर और उनकी समर्पित टीम को प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग विशेषज्ञों की भारी उपस्थिति रही, जिन्होंने जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज की आधुनिक मशीनरी की खूब सराहना की।पिछले 25 वर्षों से कृषि यंत्र निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज ने मेले में अपनी नवीनतम तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया। कंपनी के रोटावेटर, रीपर, सीड ड्रिल, मल्टीक्रॉप थ्रेशर, और हाइड्रॉलिक ट्रेलर जैसे उत्पाद किसानों और विशेषज्ञों के आकर्षण का केंद्र बने। डेमो सेशन के दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने कंपनी के स्टॉल पर पहुंचकर यंत्रों की तकनीकी खूबियों को जाना और अपनी खेती में इन उपकरणों के उपयोग को लेकर गहरी रुचि दिखाई।कंपनी के प्रबंध निदेशक वंशीधर गुंबर ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान केवल जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज का नहीं, बल्कि उन लाखों किसानों का है जिन्होंने हम पर भरोसा जताया। उनकी मेहनत और विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमारा प्रयास हमेशा से रहा है कि किसान भाईयों को ऐसी मशीनें दी जाएं जो खेती को अधिक आसान, किफायती और उत्पादक बनाएं। हम चाहते हैं कि भारतीय किसान तकनीकी रूप से सशक्त हों और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं।श्री गुंबर ने अपनी टीम की मेहनत की भी खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सफलता हमारी टीम के हर सदस्य की प्रतिबद्धता, लगन और मेहनत का नतीजा है। जय गुरुदेव परिवार का हर सदस्य इस गौरव का हकदार है। आने वाले वर्षों में हम और भी बेहतर तकनीक व उत्पाद लेकर किसानों की सेवा में तत्पर रहेंगे।कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कंपनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज जैसे उद्योग देश के कृषि विकास में नई ऊर्जा भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने में ऐसे नवोन्मेषी उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदर्शित तकनीक निश्चित रूप से किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज ने इस पुरस्कार को अपनी यात्रा का एक मील का पत्थर बताया है और यह संकल्प दोहराया है कि वह भविष्य में भी किसानों को आधुनिक, टिकाऊ और भरोसेमंद कृषि यंत्र प्रदान करने के लिए निरंतर नवाचार करती रहेगी।






# प्रदेश मंत्री बनने पर ग्रामीणों ने गुंजन सुखीजा का किया स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम सरदारनगर स्थित जिला पंचायत सदस्य सिल्की खेड़ा के निवास स्थान पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार नारे लगाते हुए नवनियुक्त प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया ।वही खेड़ा परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भी गुंजन सुखीजा को भेंट किया गया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों से गुंजन सुखीजा द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की गई तो वही आत्मनिर्भर भारत को लेकर ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र को विकास की बढ़ाने की बात गुंजन सुखीजा द्वारा अपने सम्बोधन में कही।गुंजन सुखीजा द्वारा अपने सम्बोधन की शुरुवात भारत माता की जय भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद पुष्कर सिंह धामी जिंदाबाद के जय घोष के साथ अपनी बात को उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष रखा उन्होंने कहा देश के यह सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत की नींव को रखकर देश को भारी स्रोतों पर निर्भरता कम करने और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए की गई लघु और मध्य उद्योगों किसने और अन्य स्थानीय निर्माता को मजबूत करना और आर्थिक बढ़ावा देने को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए और देश को मजबूत बनाने की आर्थिक दृष्टि के बीच भारत सरकार ने आत्मनिर्भरता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में चुना है भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत की गई इस अवधारणा का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को सहायता प्रदान करना जिससे भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था से अधिक शामिल और महत्वपूर्ण हिस्सा बन सके। वहीं उन्होंने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोकल व्यापारियों से खरीदारी किए जाने की बात को प्रमुखता से कहा उन्होंने कहा आने वाले त्योहारों पर सभी लोग अपने क्षेत्र की मजबूती के लिए एवं प्रदेश की मजबूती के लिए लोकल दुकानों से खरीदारी कर प्रदेश को मजबूत बनाएं उन्होंने प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी एवं अपनी ओर से ग्रामीणों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी।स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, राजकुमार चन्दर खेड़ा, गोकुल खेड़ा, सूरज खेड़ा, वेद प्रकाश, किशन नरूला, केशव, निखिल खेड़ा, श्याम खेड़ा, बलदेव छाबड़ा, राधा रानी, मानसी शर्मा, मोनिका खेड़ा, सीमा भुसरी, वैशाली चौरसिया, संगीता खेड़ा, श्वेता खेड़ा, गीता रानी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।





# संजय नगर खेड़ा से अधेड़ लापता

रुद्रपुर। संजय नगर खेड़ा, वार्ड नंबर 11 से एक अधेड़ 31 अगस्त की शाम लगभग 5:30 बजे से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर हरसंभव तलाश के बावजूद अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। तहरीर के आधार पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। संजय नगर खेड़ा निवासी मनीष कुमार सक्सैना ने बताया कि उसका छोटा भाई सुनीश कुमार सक्सैना अपनी छोटी बहन चन्द्रकान्ता सक्सैना, निवासी शिमलाबहादुर, मालवीय नगर, ट्राजिट कैंप में कुछ समय के लिए मेहमानदारी में गया था, 31 अगस्त की शाम को वह वहां से अपने घर संजय नगर खेड़ा लौटने के लिए निकला, लेकिन उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया कि सुनीश कुमार की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है और उसे मिर्गी के दौरे भी आते हैं। मनीष कुमार ने बताया कि उन्होंने हर संभावित जगह व रिश्तेदारी में भाई को खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लापता सुनीश कुमार की आयु लगभग 50 वर्ष है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# हंगामें के बाद माह में दो दिन बाजार बंद करने पर बनी सहमति

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर में माह में दो बार बाजार बंद करने को लेकर सहमति बनाने के लिए बुलाई गई व्यापार मंडल की बैठक में जमकर हंगामे के बीच व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष व व्यापारी के बीच विवाद हो गया इसके पश्चात माह में 2 दिन बाजार पूर्ण रूप से बंद करने एवं दुकान खोलने वाले व्यापारियों पर जुर्माना लगाने की सहमति बनी। नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल की अध्यक्षता में पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में महीने में 15 तारीख व अंतिम माह की तारीख को बंद होने वाले बाजार को लेकर चर्चा हुई जिसमें किराना व्यापारी राजकुमार अरोड़ा एवं अन्य त्यौहार नजदीक होने के चलते 15 अक्टूबर को बाजार खोलने के लिए जबकि अन्य व्यापारी 15 और महीने की अंतिम तारीख को दुकान बंद पूर्ण रूप से करने का समर्थन कर रहे थे,इसी बीच किराना व्यापारी राजकुमार अरोड़ा द्वारा व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष मनु चौहान पर बंदी दिवस पर दुकान खोलने का आरोप लगाया तो व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष मन्नू चौहान का आपस में विवाद हो गया। जिसके चलते बैठक में काफी देर हंगामा होता रहा। व्यापारियों ने दोनों पक्ष को समझाते हुए मामले को शांत कराया। इसके पश्चात वरिष्ठ व्यापारी छगनलाल अग्रवाल एवं अन्य व्यापारियों ने बाजार पूर्ण रूप से बंद करने पर सहमति प्रदान की। जिस पर सहमति से तय हुआ कि महीने की 15 तारीख और अंतिम तारीख को बाजार पूर्ण रूप से बंद रहेगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि अगर जिस व्यापारी द्वारा दुकान खोली जाती है तो उसके खिलाफ व्यापार मंडल जुर्माने सहित उचित कार्रवाई करेगा। इसके बाद व्यापारियों ने दुकान पर जाकर दुकान खोलने वाले व्यापारियों को व्यापार मंडल के निर्णय से अवगत कराते दुकान न खोलने की अपील की। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, महामंत्री गुरनाम सिंह करनावल, कोषाध्यक्ष मन्नू चौहान, छगनलाल अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, तरसेम सिंह, विकास गुलाटी,नरेंद्र अग्रवाल, मनोज गर्ग, विकास गोयल. सतपाल सिंह, लाखन रस्तोगी समेत तमाम व्यापारी मौजूद थे।

# जयनगर में ठुकराल ने किया रामलीला मंचन का शुभारम्भ

रुद्रपुर। श्री शिव शक्ति सामाजिक एवं धार्मिक सेवा समिति, जयनगर नंबर 3 के तत्वावधान में आयोजित श्री अवध रामलीला मंचन का भव्य शुभारंभ सोमवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। रामलीला के प्रथम दिवस की शुरुआत नारद मोह और रावण तपस्या आदि प्रसंगों के सजीव मंचन से हुई, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो उठे। रामलीला के पहले दिन का मंचन देर रात तक चला, जिसमें कलाकारों की भावपूर्ण अभिनय शैली, संवादों की गूंज और पारंपरिक वेशभूषा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावण की तपस्या और नारद मोह के दृश्य दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार ठुकराल सहित विशिष्ट अतिथि संजय ठुकराल और आनंद शर्मा को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक मंचन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और आदर्शों की जीवंत अभिव्यक्ति है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, संयम और कर्तव्य के मार्ग पर चलकर ही समाज को दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी एकता, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का प्रसार होता है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह, उपाध्यक्ष बसंत सिंह, महासचिव श्याम सिंह, सचिव संदीप सिंह, उपसचिव रणधीर सिंह, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश पाल, उपकोषाध्यक्ष संजय सिंह और संरक्षक चंद्रभान सिंह सहित समिति के तमाम सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन में व्यवस्थापक और सहयोगकर्ता के रूप में प्रदीप सिंह, धर्म सिंह, अनिल सिंह, कन्हैया सिंह, हिमांशु शर्मा, चंद्रदेव सिंह, बब्बन सिंह, ओम नारायण मौर्य, राजेश सिंह, कमल सिंह, सूरज सिंह, प्रेमपाल, विक्रम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नारायण, रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, अंकित सिंह, नितिन सिंह, समर बहादुर सिंह, सत्येंद्र कुमार, नन्हे भगत, मनजीत सिंह, राज भूषण सिंह, डॉ. संजीव राय, जैल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अमर सिंह, मंगल सिंह, प्रवीण सिंह, रामकरण, बृजनारायण सिंह, भानु प्रताप सिंह, संजय सिंह, विशाल सिंह, कुंवर सिंह, नीरज सिंह, सुरजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, ध्रुव सिंह, संजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह और राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



